# एनटीपीसी की मदद से शुरू होगी तापीय परियोजना

लखनऊ। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम मिलकर ओबरा में 800 मेगावाट की परियोजना स्थापित करेगी। दोनों 50-50 फीसदी के शेयर लगाएंगे। यह प्रस्ताव मंगलवार को होने वाली कैबिनेट में रखा जाएगा। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद एमयूएनपीएल के माध्यम कार्य किया जाएगा। करीब 17985.27 करोड़ की परियोजना पर एनटीपीसी और उत्पादन निगम के बीच पहले ही सहमति बन चुकी है। अब कैबिनेट से अनुमोदन के लिए प्रस्ताव रखा गया है।

वहीं, कैबिनेट में कुशीनगर जिले में नई जेल के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत होगा। प्रस्ताव में एक हजार बंदियों की क्षमता वाले जिला कारागार के निर्माण के लिए चयनित भूमि को कारागार विभाग के पक्ष में हस्तांतरित करने पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा हाथरस में 1026 बंदियों की क्षमता वाली नई जेल के निर्माण के लिए करीब 184 करोड़ रुपये की लागत की प्रशासकीय स्वीकृति देने पर कैबिनेट अपनी सहमति दे सकती है।

राज्य कर अधिनियम में संशोधन और लेखा परीक्षा अधिनियम से संबंधित प्रस्ताव पटल पर रखे जाएंगे। मथुरा में सर्किट हाउस के निर्माण के लिए पशुपालन विभाग के दीनदयाल पशु विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान की जमीन में से दो हेक्टेयर भूमि निशुल्क लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित की जाएगी। वहीं, रामपुर जिले में रामपुर-शाहबाद-बाजपुर मार्ग पर 57.592 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण और सुंदरीकरण का प्रस्ताव पर भी चर्चा होगी। ब्यूरो